दिनांक **: 28** सितम्बर **2025**
मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

माननीय प्रधानमंत्री का संदेश **:** 'वोकल फॉर लोकल' के अंतर्गत खादी अपनाएँ

आज मन की बात के 126वें संस्करण में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आगामी गांधी जयंती *(02 अक्टूबर 2025)* के अवसर पर देशवासियों से विशेष आहवान किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा स्वदेशी एवं खादी को आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक मानकर चलाए गए अभियानों का स्मरण करते हुए कहा कि आज खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक बन चुकी है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात एक समय ऐसा आया जब खादी का महत्व और उपयोग धीरे-धीरे कम होने लगा। किन्तु गत 11 वर्षों में खादी को पुनः जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है तथा इसकी बिक्री और लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि गांधी जयंती के अवसर पर प्रत्येक नागरिक खादी का उत्पाद अवश्य खरीदे और उसे गर्व के साथ स्वदेशी के रूप में अपनाए। यह केवल खरीददारी नहीं, बल्कि स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और उद्यमियों के जीवन को नई ऊर्जा और सम्मान देने का कार्य है।

---

विशेष आहवान

1. गांधी जयंती (02 अक्टूबर 2025) को अधिक से अधिक खादी उत्पादों की खरीद की जाए।
2. 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को प्रोत्साहित करने हेतु सोशल मीडिया पर खादी से जुड़ी तस्वीरें एवं संदेश साझा किए जाएँ।
3. खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।

---

मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड राज्य के नागरिकों से भी अनुरोध करता है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आहवान को आत्मसात करते हुए खादी उत्पादों को अपनाएँ एवं स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन दें। यह अभियान न केवल गांधीजी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध होगा।